दिन– बुधवार

दिनांक– 10 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने सबसे लंबे कार्यकाल का रिकॉर्ड बनाया। देश–विदेश के नेताओं ने दी बधाई।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने चौरानवे लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को डीबीटी के माध्यम से पेंशन राशि हस्तांतरित की।

03. विशेष निगरानी इकाई ने बहुचर्चित टेंडर घोटाले में एक पूर्व आईएएस अधिकारी समेत तीन अधिकारियों को किया गिरफ्तार।

04. और, मौसम विभाग ने कल पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, दरभंगा और वैशाली समेत चौदह जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। श्री मोदी ने छब्बीस मई दो हजार चौदह को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। प्रधानमंत्री मोदी का निरंतर कार्यकाल अब चार हज़ार तीन सौ निन्यानवे दिन का हो गया है, जो एक रिकॉर्ड है। एक रिपोर्ट–

––रिपोर्ट––

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि भारत जैसे 140 करोड़ से अधिक आबादी वाले देश का शासनदृप्रशासन अत्यंत व्यापक और जटिल है। भाषाई, सांस्कृतिक, धार्मिक तथा भौगोलिक विविधताओं से युक्त इस राष्ट्र का सफल नेतृत्व और संचालन अपने आप में एक बड़ी जिम्मेदारी और चुनौती है। ऐसे समय में जब अनेक देशों में राजनीतिक अस्थिरता, सरकारों में बारदृबार परिवर्तन तथा नीतिगत अनिश्चितता देखने को मिल रही है। भारत में नेतृत्व और शासन में निरंतरता रही है। यह विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में लगातार तीन बार राष्ट्रीय जनादेशों द्वारा जनता का निरंतर भरोसा दर्शाता है। स्वतंत्र वैश्विक सर्वेक्षणों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय लोकतांत्रिक नेताओं में स्थान दिया गया है। साथ ही उन्हें अब तक 30 से अधिक देशों द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से भी सम्मानित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के दौरान लगभग 25 करोड़ भारतीय, बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं तथा व्यापक सामाजिक आर्थिक प्रगति है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नरेन्द्र मोदी को देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि यह

ऐतिहासिक अवसर देश की जनता का उनके नेतृत्व में अटूट विश्वास और भरोसे का प्रमाण है।

————————————————————————

उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने आर्थिक विकास़, अवसंरचना विस्तार, सामाजिक सशक्तिकरण, तकनीकी उन्नति और वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा में वृद्धि जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखी है।

————————————————————————

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज एक प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सबसे लंबी अवधि तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बने रहने पर बधाई दी। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल के सदस्यों ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

——साउंड बाइट——

————————————————————————

विश्व नेताओं ने भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है।

——रिपोर्ट——

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने के अवसर पर श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके, पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे और त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद—बिसेसर ने प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के परिवर्तनकारी नेतृत्व, ग्लोबल साउथ की आवाज़ को मजबूत करने के प्रयासों और समावेशी तथा आर्थिक रूप से सशक्त भारत के उनके दृष्टिकोण की सराहना की। गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई नेताओं ने भी प्रधानमंत्री मोदी को शुभकामनाएँ दीं। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पिछले 12 वर्ष भारत के गौरव की पुनर्स्थापना, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और गुलामी की मानसिकता से देश को मुक्त करने के लिए समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान देश की सीमाएँ अधिक सुरक्षित हुईं, जम्मू—कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया गया, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ, नक्सलवाद पर प्रभावी नियंत्रण पाया गया और आतंकवाद को करारा जवाब दिया गया। प्रिया की रिपोर्ट के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

————————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के हर वर्ग के कल्याण और विकास के लिए काम किया है।

——साउंड बाइट——

पिछले 12 सालों में जो उन्होंने कई कीर्तिमान बनाए, वो सबसे बड़ा विषय है। आज हमारा गरीब, हमारे परिवार की मुख्यधारा के साथ जुड़कर काम कर रहा है। देश के विकास में काम कर रहा है। आज हमारा युवा पूरी तरह से उत्साह के वातावरण में है। मैं मानता हूं 2013–14 का जो एक समय था, एक निराशा के वातावरण हमारा युवा था। आज हमारा युवा अपने आपको उत्साह और उम्मीद और आंकाक्षाओं के साथ, मोदी के साथ चलने को तैयार है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नरेंद्र मोदी के भारत के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री को लिखे एक पत्र में श्री चौधरी ने कहा कि उनके कार्यकाल में भारत के साथ–साथ बिहार ने भी नई ऊंचाईयों को छुआ है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी बिहार को श्री मोदी का मार्गदर्शन और सहयोग मिलता रहेगा।

———————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्वतंत्र भारत के दीर्घकालीन प्रधानमंत्री होने का कीर्तिमान स्थापित करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि यह उपलब्धि करोड़ों देशवासियों के विश्वास की जीत है।

———————————————————————

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री बने रहने की उपलब्धि के लिए बधाई दी है। श्री सिन्हा ने कहा कि उनके नेतृत्व में भारत लगातार प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है। सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने भी प्रधानमंत्री को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए की बैठक आज नई दिल्ली में चल रही है। यह बैठक एनडीए सरकार के बारह वर्ष पूरे होने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने के उपलक्ष्य में आयोजित की गयी है। गठबंधन के सभी घटक दलों के नेताओं के साथ–साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता भी बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत बाईस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री तथा गठबंधन के सभी घटक दलों के नेता भी उपस्थित हैं। बैठक में

विभिन्न राष्ट्रीय विकास कार्यक्रमों, अवसंरचना कार्यक्रमों और 2047 तक देश को विकसित देश में बदलने के मोदी सरकार के दृष्टिकोण की समीक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज चौरानवे लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खातों में लगभग ग्यारह सौ करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की। श्री चौधरी ने नई दिल्ली स्थित बिहार भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के तहत यह राशि अंतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हर महीने की दस तारीख को सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि लाभुकों के खाते में भेज दी जाएगी।

——साउंड बाइट——

श्री चौधरी ने साठ वर्ष या उससे अधिक आयु के पात्र लोगों से शीघ्र आवेदन करने तथा आधार लिंक नहीं होने के कारण पेंशन से वंचित लाभुकों से जल्द आधार लिंक कराने की अपील की।

———————————————————————

राजस्व महाअभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों के निष्पदान के लिए राजस्व और भूमि सुधार विभाग की ओर से कल से विशेष शिविर का आयोजन कर रहा है। विभागीय मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने बताया कि ये शिविर सभी हलका में सत्रह जून तक आयोजित होंगे।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज नई दिल्ली में गूगल इंडिया के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की। बैठक में तकनीक, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि जीसीसी नीति के तहत गूगल को राज्य में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया गया।

———————————————————————

सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने आज पटना में बिहार राज्य भंडार निगम में नियमित नियुक्ति प्रक्रिया के तहत पी.सी.डी.ओ. पद पर चयनित पंद्रह अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। वर्ष उन्नीस सौ अट्ठावन के बाद पहली बार निगम में नियमित नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की गई है।

———————————————————————

विशेष निगरानी इकाई ने बहुचर्चित टेंडर घोटाले में भवन निर्माण विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता तारिणी दास, वित्त विभाग के पूर्व संयुक्त सचिव मुमुक्षु चौधरी और बुडको के कार्यपालक अभियंता उमेश कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। इन सभी के पास ग्यारह करोड़ तिरेपन लाख रुपये से अधिक की राशि जब्त की गयी थी। इकाई ने इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने समस्तीपुर जिले के राज चक बहाउद्दीन ग्राम पंचायत के मुखिया सियाराम राय को एक लाख बीस हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मुखिया शिकायतकर्ता शिक्षक से निलंबन समाप्त करने के एवज में घूस ले रहा था। इधर, ब्यूरो की टीम ने गया जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र से चौकीदार मनीष कुमार को नौ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चौकीदार एक केस में नाम हटवाने के लिए शिकायकर्ता से घूस ले रहा था।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज के टेढ़ागाछ में सबसे अधिक सत्तावन दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने कल पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, दरभंगा और वैशाली समेत राज्य के चौदह जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

——साउंड बाइट——

———————————————————————

अररिया नगर थाना क्षेत्र के कुसियार गांव के पास एनएच–सत्तावन पर सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में छह अन्य घायल हो गए। हमारे संवाददाता ने बताया कि एक चार पहिया वाहन ने पहले साईकिल सवार को टक्कर

मारी और उसके बाद दूसरे लेन में जाकर एक कार से टकराते हुए पलट गयी। हादसे में घायल लोगों का अररिया सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

———————————————————————

दरभंगा जिले के किरतपुर प्रखंड में कोसी नदी में एक नाव पलट गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो अन्य की तालाश जारी है। हादसे में सात लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने सबसे लंबे कार्यकाल का रिकॉर्ड बनाया। देश–विदेश के नेताओं ने दी बधाई।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने चौरानवे लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को डीबीटी के माध्यम से पेंशन राशि हस्तांतरित की।

03. विशेष निगरानी इकाई ने बहुचर्चित टेंडर घोटाले में एक पूर्व आईएएस अधिकारी समेत तीन अधिकारियों को किया गिरफ्तार।

04. और, मौसम विभाग ने कल पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, दरभंगा और वैशाली समेत चौदह जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।